

दूसरे टेस्ट के पहले दिन लंच के बाद अनुशासन और धैर्य के साथ गेंदबाजी करने से भारतीय टीम को वापसी करने में मदद मिली।

– आकाशदीप

भारतीय गेंदबाज, न्यूजीलैंड के खिलाफ दो विकेट लेने के बाद बोलते हुए।

खेल जगत

आज का खिलाड़ी



मोहम्मद सिराज

भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज का पत्ता एक बार फिर कट गया है। न्यूजीलैंड के खिलाफ क्राइस्टचर्च में जारी दूसरे टेस्ट में भी उन्हें मौका नहीं मिला। सिराज को एक बार फिर नजरअंदाज करने के बाद क्रिकेट पंडित टीम मैनेजेंट पर सवाल उठा रहे हैं। इस बीच सिराज की एक तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है जिसमें वह रोते हुए नजर आ रहे हैं। कृष्णा की तो टीम से छुट्टी हुई, मगर सिराज को नहीं बल्कि गुरनूर बराड़ को डेब्यू का मौका मिल गया। गुरनूर बराड़ ने न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज में शानदार प्रदर्शन किया था, जिसके बाद उन्हें कुलदीप यादव से टेस्ट टीम में रिप्लेस कर दिया गया।

क्या आप जानते हैं ?... भारत टी-20 इंटरनेशनल में 200 मैच जीतने वाली पहली टीम बना और एक कैलेंडर ईयर में सबसे अधिक छक्के लगाने का विश्व रिकॉर्ड भी बनाया।

रोहित शर्मा बने मुंबई इंडियंस के कप्तान



नई दिल्ली, 27 नवंबर। मुंबई इंडियंस ने शुक्रवार को रोहित शर्मा को आईपीएल 2027 के लिए टीम का कप्तान नियुक्त किया है। रोहित इससे पहले भी फ्रेंचाइजी के लिए बतौर कप्तान 10 साल तक खेल चुके हैं लेकिन तीन साल पहले फ्रेंचाइजी ने उनकी जगह हार्दिक पांड्या को टीम का कप्तान बना दिया था लेकिन उनकी कप्तानी में टीम खिताब नहीं जीत सकी और अब वह ट्रेड डील के जरिए पंजाब किंग्स का हिस्सा बन गए हैं। मुंबई की टीम पिछले सत्र में 14 मैच में केवल चार में ही जीत हासिल कर पाई थी। चोटिल होने के कारण हार्दिक अंतिम चरण के मैचों में नहीं खेल पाए थे।

रोहित की कप्तानी में जीते 5 ट्रॉफी

रोहित शर्मा ने 2013 से 2023 तक मुंबई इंडियंस की कप्तानी की थी और फ्रेंचाइजी को पांच खिताब दिलाए। उन्होंने 2013 में रिकी पोंटिंग की जगह ली थी और उसी साल टीम को आईपीएल ट्रॉफी दिलाई थी। रोहित की कप्तानी में मुंबई इंडियंस की टीम 2013, 2015, 2017, 2019 और 2020 में चैंपियन बनी थी। रोहित 2011 से मुंबई की टीम का हिस्सा रहे हैं और दूसरी बार टीम की कप्तानी करते हुए नजर आएंगे।

जोदार के दम पर स्पेन डेविस कप के सेमीफाइनल में, ब्रिटेन से होगा मुकाबला

बोलोग्ना, 27 नवंबर। राफेल जोदार ने पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए स्पेन को ऑस्ट्रिया के खिलाफ जीत दिलाई। इस जीत के साथ स्पेन ने डेविस कप के सेमीफाइनल में जगह बना ली, जहां गुरुवार को उसका मुकाबला ब्रिटेन से होगा। बोलोग्ना में खेले गए क्वार्टर फाइनल मुकाबले में स्पेन ने 1-0 की बढ़त बना रखी थी। इसके बाद जोदार को ऑस्ट्रिया के यूरी रोडियोनोव के खिलाफ पहला सेट गंवाना पड़ा लेकिन उन्होंने शानदार वापसी करते हुए अगले दो सेट में केवल एक गेम गंवाया और 2-6, 6-0, 6-1 से मुकाबला अपने नाम कर लिया। इस जीत के साथ स्पेन ने क्वार्टर फाइनल भी जीत लिया। 20 वर्षीय जोदार ने मैच के बाद एक आधिकारिक बयान में कहा, "मेरे लिए यह मुकाबला काफी मुश्किल था क्योंकि किसी भी टूर्नामेंट में शुरुआती मैच आसान नहीं होते। मैं अपनी लय हासिल नहीं कर पा रहा था। दूसरे सेट की शुरुआत में मैंने बेहतर, अधिक आक्रामक और बेसलाइन से अधिक मजबूत खेलना शुरू किया। मुझे लगता है कि इसी से मुझे मुकाबले में वापसी करने में मदद मिली।"

नाथन न्यूज़ीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट से हो सकते हैं बाहर



नई दिल्ली, 27 नवंबर। अनुभवी स्पिनर नाथन लियोन को पर्थ में न्यूज़ीलैंड के खिलाफ़ पहले टेस्ट के लिए ऑस्ट्रेलिया की टीम से बाहर किया जा सकता है। ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के बीच 9 दिसंबर से पर्थ में पहला टेस्ट मैच खेला जाएगा। हालांकि रिपोर्ट के मुताबिक नाथन शनिवार को घोषित होने वाली टीम में शामिल नहीं होंगे। एडिलेड में पिछले सीजन की एशेज के तीसरे टेस्ट में लगी गंभीर हैमस्ट्रिंग चोट से वापसी के बाद से लियोन ने 41.20 की औसत से 10 विकेट लिए हैं। वह ऑस्ट्रेलिया के सबसे सफल स्पिनर में से एक हैं। ये पहली बार नहीं है, जब उन्हें किसी मैच से बाहर रखा जाएगा।

ऑस्ट्रेलिया उतारेगा तेज गेंदबाज

नाथन लियोन ने ऑस्ट्रेलिया के लिए 145 मैचों में 577 टेस्ट विकेट लिए हैं। ऑस्ट्रेलियाई चयनकर्ता शनिवार को घरेलू सीरीज के लिए टीम का ऐलान करने वाले हैं। ऑस्ट्रेलिया की टीम इस मुकाबले में चार तेज गेंदबाजों पैट कमिंस, मिचेल स्टार्क, जोश हेजलवुड और स्कॉट बोलैंड के साथ उतरने का मन बना रही है और इस वजह से नाथन के प्लेइंग इलेवन में चुने जाने की संभावना कम है।

वर्ल्ड चेस चैम्पियनशिप का तीसरा गेम भी ड्रॉ

नई दिल्ली, 27 नवंबर। स्विट्जरलैंड के जेनेवा में चल रही वर्ल्ड चेस चैंपियनशिप 2026 का तीसरा गेम भी ड्रॉ रहा। गुरुवार को मौजूदा चैंपियन भारत के डी गुकेश ने काले मोहरों से खेलते हुए चैलेंजर जावोखिर सिंदारोव को कई मौकों पर दबाव में रखा, लेकिन 60 चालों के बाद मुकाबला बराबरी पर छूटा। तीन गेम के बाद स्कोर 1.5-1.5 है। शुक्रवार को रेस्ट डे रहेगा, जबकि शनिवार को चौथे गेम में गुकेश सफेद मोहरों से खेलेंगे। तीसरे गेम में गुकेश ने शतरंज की शुरुआत में ऐसी चालें चलीं, जिनका इस्तेमाल 1980 और 1990 के दशक में ज्यादा किया जाता था। इस रणनीति से उन्होंने सिंदारोव को चौंका दिया। इस तरीके से खेलते हुए पूर्व वर्ल्ड चैंपियन बोरिस स्पैस्की ने भी 1988 में मुकाबले खेले थे। उनके दोनों मैच ड्रॉ रहे थे। मैच के बाद गुकेश से स्पैस्की के पुराने मुकाबले के बारे में पूछा गया।

पहले दिन न्यूज़ीलैंड ने 5 विकेट पर बनाए 246 रन, लैथम और ब्लंडेल के अर्धशतक

क्राइस्टचर्च टेस्ट



क्राइस्टचर्च, 27 नवंबर। आकाश दीप की शानदार गेंदबाजी के बावजूद टॉम लैथम और टॉम ब्लंडेल के अर्धशतकों की मदद से न्यूजीलैंड ने भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट के पहले दिन का खेल समाप्त होने तक पांच विकेट पर 246 रन बना लिए। लैथम ने शीर्ष क्रम में संयमित बल्लेबाजी करते हुए पारी की नींव रखी, जबकि दोपहर के सत्र में भारत के लगातार तीन विकेट लेने के बाद ब्लंडेल ने पारी को संभाला। ब्लंडेल और ग्लेन फिलिप्स के बीच छठे विकेट के लिए हुई 62 रन की अटूट साझेदारी दिन की तीन अर्धशतकीय साझेदारियों में से एक रही। उतार-चढ़ाव भरे दिन के अंत में न्यूजीलैंड ने अच्छी स्थिति हासिल कर ली।

न्यूजीलैंड ने अपनी अच्छी शुरुआत का फायदा उठाने की कोशिश की, लेकिन उनके मिडिल ऑर्डर में कुछ लड़खड़ाहट देखने को मिली। रचिन रवींद्र बिना खाता खोले आउट हो गए, जबकि हेनरी निकोल्स ने 16 रन बनाए। इसके अलावा, डेरिल मिशेल ने 31 रन जोड़े। एक समय ऐसा लग रहा था कि भारत मैच में हावी हो रहा है, लेकिन ग्लेन फिलिप्स और टॉम ब्लंडेल की साझेदारी ने न्यूजीलैंड को फिर से मुकाबले में वापस ला खड़ा किया। मैच के पहले दिन इन दोनों बल्लेबाजों ने क्रमशः 36 और 53 रन बनाए, जिससे दिन का खेल खत्म होने तक न्यूजीलैंड का स्कोर 246/5 हो गया।

भारत की ओर से आकाश दीप सबसे सफल गेंदबाज रहे, जिन्होंने दो विकेट लिए। वहीं, अंशुल कंबोज, गुरनूर बराड़ और वाशिंगटन सुंदर ने एक-एक विकेट हासिल किया। पांच विकेट गिर जाने के बाद, न्यूजीलैंड को उम्मीद होगी कि ब्लंडेल और फिलिप्स दूसरे दिन लंबी पारी खेलें। मैच में अपनी पकड़ मजबूत बनाए रखने के लिए, ब्लैक कैप्स (न्यूजीलैंड) को भारतीय टीम पर दबाव बनाए रखना होगा और पहली पारी में 350 से ज्यादा रन बनाने होंगे। दूसरी ओर, भारतीय टीम जल्द से जल्द कुछ विकेट चटकाना चाहेगी, और उनका पहला काम ब्लंडेल और फिलिप्स के बीच की साझेदारी को तोड़ना होगा। पहले दिन जसप्रीत बुमराह को कोई विकेट नहीं मिला था।

रविंद्र जडेजा को नहीं खिलाकर भारतीय टीम ने की बड़ी गलती : सुनील गावस्कर



नई दिल्ली, 27 नवंबर। टीम इंडिया के पूर्व दिग्गज बल्लेबाज सुनील गावस्कर का मानना है कि न्यूजीलैंड के खिलाफ क्राइस्टचर्च में जारी दूसरे टेस्ट में भारतीय टीम ने एक गलती। गावस्कर के मुताबिक, रविंद्र जडेजा को प्लेइंग इलेवन से बाहर रखकर भारत ने बहुत बड़ी गलती की। सुनील गावस्कर का मानना है कि इस ऑलराउंडर की स्पिन गेंदबाजी मैच के अंतिम दो दिनों में महत्वपूर्ण साबित हो सकती थी। मैनेजमेंट ने रविंद्र जडेजा की जगह वॉशिंगटन सुंदर को तरजीह दी। भारत ने लगातार दूसरे टेस्ट मैच में जडेजा और तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज को प्लेइंग इलेवन में नहीं रखा, जबकि तेज गेंदबाज गुरनूर बराड़ को पदार्पण का मौका दिया। इस पर क्रिकेट से काफी समय पहले कमेंटेटर बन चुके सुनील गावस्कर ने होस्ट ब्रॉडकास्टर से कहा, आप सिराज की बात कर रहे हैं। जडेजा के बारे में आपकी क्या राय है? मेरा मानना है कि चौथे और पांचवें दिन उनकी स्पिन काफी उपयोगी साबित होती, क्योंकि वह गेंद को अच्छा खासा टर्न कराते हैं। पूर्व महान क्रिकेटर ने सिराज को लेकर कहा, मुझे लगता है कि उनके साथ-साथ मोहम्मद सिराज के लिए भी मुश्किल हालात होंगे। मोहम्मद सिराज फिर से बता दें कि वह इस दौर में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाजों में से एक हैं। देखते हैं आगे क्या होता है। पहले दिन के खेल में भारत को सिर्फ पांच विकेट मिले। जसप्रीत बुमराह भी खाली हाथ लौटे, जबकि न्यूजीलैंड ने 85 ओवर में 246 रन बनाए।

पाक ने सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट से 12 खिलाड़ियों को किया बाहर, सिर्फ 8 महिला खिलाड़ी को मिला अनुबंध

नई दिल्ली, 27 नवंबर। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने पिछले एक साल में राष्ट्रीय महिला टीम के निराशाजनक प्रदर्शन के बाद केंद्रीय अनुबंध हासिल करने वाली महिला खिलाड़ियों की संख्या घटाकर 20 से महज आठ कर दी है। पीसीबी ने शुक्रवार को नए केंद्रीय अनुबंधों की घोषणा की जिसमें केवल आठ महिला खिलाड़ियों को जगह मिली है। इनमें कप्तान फातिमा सना भी शामिल हैं जिन्हें शीर्ष श्रेणी ए में रखा गया है। स्पिन गेंदबाज सादिया इकबाल को भी ए अनुबंध दिया गया है।

सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट में में तीन कैटेगरी - मुनीबा अली सिद्दीकी, नशरा संधू और सिदरा अमीन को श्रेणी बी में रखा गया है जबकि आयशा जफर, गुल फिरोजा और सदफ शमास को श्रेणी सी में जगह मिली है। ये अनुबंध 30 जून 2027 तक प्रभावी रहेंगे। पीसीबी ने कहा कि खिलाड़ियों की फिटनेस का नियमित आकलन किया जाएगा। केंद्रीय अनुबंध हासिल करने वाली खिलाड़ियों को अनुबंध की अवधि के दौरान निर्धारित फिटनेस मानकों को बनाए रखना होगा। फातिमा सना और सादिया इकबाल को ए कैटेगरी अनुबंध दिया गया है। 24 वर्षीय फातिमा को बल्ले और गेंद दोनों से उनके शानदार और निरंतर प्रदर्शन का इनाम मिला है। वह हाल ही में इंग्लैंड के द हंड्रेड और ऑस्ट्रेलिया की महिला बिग बैश लीग में खेलने वाली पहली पाकिस्तानी महिला क्रिकेटर बनी थी। यह पिछले चक्र में किए गए अनुबंध से 20 खिलाड़ियों से काफी कम है। 30 जून 2027 तक चलने वाले अनुबंध में तीन कैटेगरी हैं, जिसमें मुनीबा अली सिद्दीकी, नशरा सुंधू और सिदरा अमीन को बी कैटेगरी में रखा गया है। आयशा जफर, गुल फिरोजा और सदफ शमास को सी कैटेगरी में शामिल किया गया है।

कल जयपुर में जुटेंगे सेलिब्रिटी, ओलंपिक पदक विजेता और खेल जगत की दिग्गज हस्तियां

जयपुर, 27 नवंबर। खेल, मनोरंजन, उद्योग और नेतृत्व जगत की कई प्रमुख हस्तियां रविवार को जयपुर में एक मंच पर नजर आएंगी। रविवार 29 नवंबर को 'गेम चेंजर्स विजन 2026-नेशनल स्पोर्ट्स कॉन्क्लेव एंड लीडरशिप समिट' का आयोजन किया जा रहा है। कॉन्क्लेव में ओलंपिक पदक विजेता कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ मुख्य अतिथि होंगे। आयोजन में देश के खेल भविष्य, कॉमनवेल्थ गेम्स 2030 और भारत की ओलंपिक 2036 की मेजबानी की महत्वाकांक्षा को लेकर चर्चा भी होगी। कई खेल और मनोरंजन जगत की हस्तियां शामिल होंगी।

ऑस्ट्रेलिया का 13 साल बाद फिर टूटा गाबा का घमंड, इंग्लैंड ने सीरीज में बनाई बढ़त

नई दिल्ली, 27 नवंबर। इंग्लैंड ने शुक्रवार को ऑस्ट्रेलिया को बारिश से प्रभावित तीसरे टी20 मैच में 7 विकेट से हराया। ऑस्ट्रेलिया की टीम पहले बैटिंग करते हुए 16.5 ओवर में सभी विकेट खोकर 108 रन ही बना सकी। इसके जवाब में इंग्लैंड की टीम ने दमदार शुरुआत की। हालांकि बारिश के कारण मैच को दो बार रोकना पड़ा और दो बार टारगेट भी बदला। डकवर्थ लुईस नियम से इंग्लैंड ने 93 रन के लक्ष्य को नौवें ओवर में हासिल कर लिया। इस जीत के साथ इंग्लैंड ने पांच मैचों की टी20 सीरीज में 2-1 की बढ़त बना ली है।

ऑस्ट्रेलिया को गाबा में मिली दूसरी हार - ऑस्ट्रेलिया की टीम का गाबा में टी20 इंटरनेशनल में रिकॉर्ड अच्छा रहा है। अब तक खेले गए 9 मैचों में टीम को सिर्फ दूसरे मैच में हार का सामना करना पड़ा। ऑस्ट्रेलिया ने लगातार पांच मुकाबले जीते थे। इससे पहले 2013 में वेस्टइंडीज के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया की टीम को 2013 में हार मिली थी।

हैरी ब्रूकी कप्तानी में इंग्लैंड का दबदबा - हैरी ब्रूक की कप्तानी में इंग्लैंड का टी20 रिकॉर्ड लगातार अच्छा चल रहा है, उनकी कप्तानी में खेले गए 30 मैचों में से इंग्लैंड सिर्फ चार मैच हारा है। मेलबर्न में सीरीज के पहले मैच में थोड़े अंतर से हारने के बाद, इंग्लैंड ने ज़ोरदार वापसी की है, अगले दो मैचों में ऑस्ट्रेलिया को हराकर पाँच मैचों की सीरीज में 2-1 की बढ़त बना ली है।

कल होगा द महाराजा ऑफ मैसूर कप का एग्जीबिशन पोलो मैच

टीम जयपुर और टीम विमल एरियन अचीवर्स के बीच आज होगा फाइनल मुकाबला



जयपुर, 27 नवंबर। जयपुर पोलो सीजन के तहत 'द ग्वालियर कप' (06 गोल) टूर्नामेंट का दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला शुक्रवार को राजस्थान पोलो क्लब ग्राउंड पर खेला गया। यह मुकाबला टीम रामबाग/स्वराज और टीम जयपुर के बीच हुआ। इस कांटे की टक्कर में टीम जयपुर ने टीम रामबाग/स्वराज को 7.5 - 6 के स्कोर से शिकस्त देते हुए फाइनल में अपनी जगह बना ली। मुकाबले में विजेता टीम जयपुर से हिज हाइनेस महाराजा सवाई पद्मनाभ सिंह ने 5 गोल दागे। वहीं, विश्वराज सिंह राठौड़ और डीनो धनखड़ ने 1-1 गोल किया। टीम से विशाल सिंह भी खेले। टीम जयपुर को आधे गोल का एडवांटेज भी मिला। दूसरी ओर, टीम रामबाग/स्वराज से जुआन जोस डियाज अल्बर्डी ने 5 गोल किए, जबकि हुर्र अली ने 1 गोल किया। टीम में दिव्यमान सिंह दुजोद और रणशेय पुरोहित भी शामिल रहे। टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला शनिवार, 28 नवंबर (कल) को टीम जयपुर और टीम विमल एरियन अचीवर्स के बीच खेला जाएगा। यह मैच आरपीसी ग्राउंड पर शाम 4 बजे से आयोजित होगा।

राजस्थान ने उत्तराखंड को पारी और 101 रन से हराया



जयपुर, 27 नवंबर। बीसीसीआई अंडर-16 विजय मर्चेंट ट्रॉफी में राजस्थान ने शानदार प्रदर्शन करते हुए उत्तराखंड को पारी और 101 रन से पराजित किया। लखनऊ में खेले गए मुकाबले के तीसरे और अंतिम दिन राजस्थान के गेंदबाजों ने उत्तराखंड की दूसरी पारी 122 रन पर समेटकर बड़ी जीत दर्ज की। उत्तराखंड ने पहली पारी में 215 रन बनाए, जिसके जवाब में राजस्थान ने 9 विकेट पर 438 रन बनाकर पारी घोषित की। दूसरी पारी में उत्तराखंड की ओर से त्यागी ने 40 और साकेत ने 36 रन बनाए। राजस्थान की ओर से लवमीत गुर्जर ने 15 रन देकर 4 विकेट तथा आंजनेय शर्मा ने 38 रन देकर 3 विकेट लिए। आदित्य राज ने 2 और हर्षित यादव ने 1 विकेट हासिल किया।

कूच बिहार ट्रॉफी : रजत बघेल का शतक, राजस्थान के 360 रन

बीसीसीआई अंडर-19 कूच बिहार ट्रॉफी में अम्तर (हिमाचल प्रदेश) में राजस्थान और हिमाचल प्रदेश के बीच खेले जा रहे मुकाबले के दूसरे दिन राजस्थान ने पहली पारी में 360 रन बनाए। राजस्थान की ओर से रजत बघेल ने शानदार 126 रन की शतकीय पारी खेली। आदित्य भाम्भू ने 69, अभय शर्मा ने 53, कुशाग्र ओझा ने 32, प्रखर शर्मा ने 28 और यथार्थ भारद्वाज ने 27 रन बनाए। हिमाचल के नौनिहाल ने 93 रन देकर 5 विकेट लिए। दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक हिमाचल ने पहली पारी में 3 विकेट पर 207 रन बना लिए थे। टीम की ओर से दिव्यांश ने 58 और अमनदीप ने 54 रन बनाए। राजस्थान की ओर से सुमित तेजी और सौभाग्य भाटी ने 1-1 विकेट लिया।

अजय सिंह कूकना राजस्थान सीनियर टीम में शामिल

सैयद मुश्ताक अली टी-20 ट्रॉफी के नॉकआउट मुकाबलों के लिए राजस्थान की सीनियर टीम में बदलाव किया गया है। राहुल चाहर की जगह अजय सिंह कूकना को टीम में शामिल किया गया है। नागपुर में 30 नवंबर से खेले जाने वाले नॉकआउट मुकाबलों के लिए कूकना 28 नवंबर को टीम से जुड़ेंगे।

20वीं सीनियर एवं सब जूनियर राज्य स्तरीय वुशू प्रतियोगिता का शुभारंभ



जयपुर, 27 नवंबर। राजस्थान वुशू संघ एवं जयपुर वुशू संघ के संयुक्त तत्वावधान में 20वीं सीनियर एवं सब जूनियर राज्य स्तरीय बालक-बालिका वुशू प्रतियोगिता का शुक्रवार को श्रीजगमहल पैलेस, लालचंदपुरा में शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता 30 नवंबर तक आयोजित होगी।

राजस्थान वुशू संघ के अध्यक्ष हीरानंद कटारिया ने बताया कि प्रतियोगिता में प्रदेश के 24 जिलों के कुल 723 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। इनमें सीनियर वर्ग में 203 बालक और 100 बालिकाएं तथा सब जूनियर वर्ग में 235 बालक और 185 बालिकाएं शामिल हैं।

उद्घाटन समारोह की मुख्य अतिथि राजस्थान बीजेपी महिला मोर्चा की अध्यक्ष राखी राठौड़ रहीं। विशिष्ट अतिथि के रूप में खेल अधिकारी मालती चौहान, चिरायु हॉस्पिटल के डायरेक्टर मोहित चौधरी, श्रीजगमहल पैलेस के डायरेक्टर जगदीश रूंथला, प्रिंस स्कूल के डायरेक्टर दीपाराम जाट, रामेश्वरम स्कूल के डायरेक्टर जितेंद्र शर्मा, राजकुमार रूंथला, विजय सिंह शेखावत एवं भारतीय वुशू टीम के कोच राजेश कुमार टेलर उपस्थित रहे।

आयोजन अध्यक्ष हीरानंद कटारिया ने अतिथियों एवं खिलाड़ियों का स्वागत किया। मुख्य अतिथि राखी राठौड़ ने प्रतियोगिता के शुभारंभ की घोषणा करते हुए कहा कि खेल खिलाड़ियों को जीवन में नई ऊंचाइयां हासिल करने का सुनहरा अवसर प्रदान करते हैं। इस अवसर पर दिल्ली से आए नाडा टीम के ओमप्रकाश शर्मा एवं भरत सिंह ने खिलाड़ियों को वाडा द्वारा जारी प्रतिबंधित दवाओं की सूची और डोपिंग के दुष्परिणामों की जानकारी दी।

एलबीएस ने जयपुरिया एकेडमी को हराया

जयपुर 27 नवंबर । राजस्थान यूथ क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित यूथ कप अंडर 14 क्रिकेट प्रतियोगिता में खेले गए मैच में एल बी एस एकेडमी जयपुरिया एकेडमी को 55 रनो से हराया। आज प्रातः जयपुरिया ग्राउंड पर एल बी एस एकेडमी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए मोहम्मद सऊद खान के 93 रन, कुणाल के 27 रन व हर्ष के 26 रनो से 35.1 ओवर में 223 रन बनाए। जयपुरिया एकेडमी के लिए आरव अरोड़ा ने 68 पर 4, यश चौधरी ने 35 पर 2, राजवीर, रितुल व अनुरुद्ध ने एक - एक विकेट लिया।

जवाबी पारी में जयपुरिया एकेडमी की टीम अगम कौशिक के 28 रन, अर्जुन सिंह के 21 रन, अमय पारीक के 33 रन, भाविक पारवानी के 22 रन व आरव अरोड़ा के 23 रन से 10 ओवर में 168 रन बनाकर आउट हो गई। एल बी एस एकेडमी के लिये मोहम्मद सऊद खान ने 34 पर 5, कुणाल कुमार साहू ने 14 पर 3 विकेट लिए।

शिवा क्लब के 3 खिलाड़ियों ने बनाए इंडिया-एशिया रिकॉर्ड



जयपुर, 27 नवंबर। शिवा क्लब के तीन खिलाड़ियों ने मार्शल आर्ट्स में शानदार प्रदर्शन करते हुए रिकॉर्ड बनाए। 16 वर्षीय गिर्राज मीणा ने एक मिनट में 466 फुल-कॉन्टैक्ट पंच लगाकर इंडिया रिकॉर्ड बनाया। वहीं, 14 वर्षीय पूर्वा श्री ने 220 नी स्ट्राइक्स और 14 वर्षीय भविष्य धनोपिया ने 311 डबल स्लैप किक्स लगाकर इंडिया और एशिया रिकॉर्ड अपने नाम किए। तीनों खिलाड़ियों ने यह प्रदर्शन दो किलोग्राम तक के अतिरिक्त वजन के साथ किया। खिलाड़ियों के प्रशिक्षक एवं शिवा क्लब के संस्थापक प्रदीप सिंह राघव ने इस उपलब्धि पर खुशी जताई।

दक्ष और रौनक के ऑलराउंड प्रदर्शन से कैंडलविक एकेडमी जीती, देवांश शतक से चूके



जयपुर, 27 नवंबर। मैत्री क्रिकेट क्लब की ओर से आयोजित पांचवीं भारत रत्न डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम स्मृति टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता में कैंडलविक क्रिकेट एकेडमी ने मदौरिया क्रिकेट एकेडमी को 23 रन से हराकर दो अंक अर्जित किए। जीत में दक्ष कासलीवाल और रौनक सैन ने ऑलराउंड प्रदर्शन किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए कैंडलविक एकेडमी ने दक्ष कासलीवाल के 50 रन (20 गेंद, 9 चौके, 2 छक्के) और आदित्य जोशी के 47 रन की बदौलत 20 ओवर में 9 विकेट पर 181 रन बनाए। जवाब में मदौरिया एकेडमी की टीम देवांश सिंह की शानदार 97 रन (66 गेंद, 9 चौके, 3 छक्के) की पारी के बावजूद 20 ओवर में 7 विकेट पर 158 रन ही बना सकी। कैंडलविक की ओर से रौनक सैन ने 39 रन देकर 3 विकेट और दक्ष कासलीवाल ने 19 रन देकर एक विकेट लिया। दक्ष कासलीवाल को उनके ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया।

समृद्धि व्यास ने जीते तीन खिताब, अरिन्जय कुच्छल बने अंडर-19 बॉयज चैम्पियन

राज्य स्तरीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता में जयपुर के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन

भरतपुर, 27 नवंबर। भरतपुर में आयोजित राजस्थान राज्य स्तरीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता के अंतिम दिन जयपुर के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कई खिताब अपने नाम किए। जयपुर की प्रतिभाशाली खिलाड़ी समृद्धि व्यास ने तिहरे खिताब जीतकर प्रतियोगिता में विशेष उपलब्धि हासिल की। समृद्धि ने अंडर-17 गर्ल्स, अंडर-19 गर्ल्स तथा वुमेंस सिंगल्स तीनों वर्गों के फाइनल मुकाबलों में जयपुर की ही राधिका सोनी को पराजित कर राजस्थान चैंपियन बनने का गौरव प्राप्त किया। वहीं अंडर-19 बॉयज सिंगल्स के फाइनल मुकाबले में जयपुर के अरिंजय कुच्छल ने जयपुर के ही सौरभ कपूर को 4-2 से हराकर खिताब अपने नाम किया और राजस्थान चैंपियन बने। जयपुर के खिलाड़ियों की इस शानदार सफलता पर जयपुर जिला टेबल टेनिस एसोसिएशन के अध्यक्ष किशन महेश्वरी एवं सचिव सचित गुप्ता ने सभी विजेता खिलाड़ियों सहित पूरी जयपुर टीम और कोचिंग स्टाफ को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने टीम के कोच विवेक भार्गव, जो स्वयं पूर्व अंतरराष्ट्रीय टेबल टेनिस खिलाड़ी रह चुके हैं, के मार्गदर्शन एवं मेहनत की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों की यह उपलब्धि उनके कठिन परिश्रम, अनुशासन, निरंतर अभ्यास और कोच के कुशल मार्गदर्शन का परिणाम है।





महिला एशियन हॉकी चैम्पियंस ट्रॉफी : जापान को 1-0 से हराकर फाइनल में पहुंचा चीन

भोपाल, 27 नवंबर। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में चल रही महिला एशियन हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी में शुक्रवार को खेले गए पहले सेमीफाइन मुकाबले में चीन ने जापान को 1-0 से हराकर फाइनल में प्रवेश कर लिया। मुकाबले का फैसला आखिरी मिनट में हुआ। वहीं, कोरिया ने थाईलैंड को 4-1 से शिकस्त देकर टूर्नामेंट में पांचवां स्थान हासिल किया।

महिला एशियन चैंपियंस ट्रॉफी-2026 के सेमीफाइनल में भारत-मलेशिया की भिड़ंत आज

राजधानी की हॉकी को आज एक और बड़ी रात का इंतजार है। मध्य प्रदेश महिला एशियन चैंपियंस ट्रॉफी-2026 में मेजबान और मौजूदा चैंपियन भारत शुक्रवार को सेमीफाइनल में मलेशिया से भिड़ेगा। नाथू बरखेड़ा के इंटरनेशनल स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में शाम 7 बजे शुरू होने वाला यह मुकाबला जीतने पर भारतीय बेटियां फाइनल में पहुंच जाएंगी। यानी खिताब से बस दो कदम की दूरी रह जाएगी। लीग चरण में पांचों मैच जीतकर 15 अंकों के साथ शीर्ष पर रही टीम इंडिया अब लगातार दूसरी बार खिताब बचाने और रिकॉर्ड चौथी बार चैंपियन बनने की दहलीज पर है। घरेलू दर्शकों का समर्थन, आक्रामक खेल और मजबूत रक्षापंक्ति उसकी सबसे बड़ी ताकत हैं।